प्रेषक,

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद,
उत्तराखण्ड

पत्रांकः 05-23 / शोध अनुभाग /पाठ्यक्रम/2022–23 दिनांकः 23.04.2022

विषय– सत्र 2022–23 में कक्षा 9 से 12 तक कोविड की परिस्थितियों से पूर्व की भांति शत प्रतिशत पाठ्यक्रम के अनुसार पठन पाठन कराये जाने के सम्बन्ध में

महोदय,

सत्र 2020–21 तथा सत्र 2021–22 में कोविड–19 महामारी से उत्पन्न विषम परिस्थितियों के कारण शासनादेश स0 439 /XXIV-B-5 /2020 / 10(01) /2020 / दिनांक 8 अक्टूबर 2020 तथा उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद की पाठ्यचर्या समिति की बैठक दिनांक 03/09/2021 में माननीय सभापति महोदया द्वारा दिए गये निर्देशों के क्रम में उक्त दोनो प्रभावित सत्रों के लिए कक्षा 9–12 तक पुर्नगठित पाठ्यक्रम (70%) को लागू किया गया था । परन्तु वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2022–23 में विद्यालयों में पठन–पाठन सुचारु रूप से हो रहा है । अतः वर्तमान सत्र से कक्षा 9 से 12 तक सभी कक्षाओं में पूर्व से निर्धारित सम्पूर्ण पाठ्यक्रम(100%) के अनुसार पठन पाठन कार्य किया जायेगा तथा इसी पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षायें संचालित की जायेंगी ।

अतः आप अपने स्तर से इसकी सूचना अपने जनपदान्तर्गत उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर से मान्यता प्राप्त समस्त विद्यालयों को देने का कष्ट करें ।

भवदीय
23/04/2022
(डा0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)

पृ0 स0 : 05-23 / शोध अनुभाग /पाठ्यक्रम /2022–23 / दिनांक –उक्तवत

प्रतिलिपि– निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1–महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड, देहरादून ।

2– सभापति, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल)/ निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून ।

3– निदेशक, अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण , उत्तराखण्ड, देहरादून ।

4– मण्डलीय अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा, कुमायू मण्डल, नैनीताल ।

5– मण्डलीय अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी ।

6– आई टी अनुभाग, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद को इस निर्देश के साथ कि पत्र को परिषद की वैब साइट पर भी प्रकाशित करें ।

23/04/2022
(डा0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)